प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00 बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा है कि सरकार एक आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के साथ कार्य कर रही है। विकास, विनिर्माण, निर्यात और परमाणु ऊर्जा के इंजन के रूप में सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम पर एक वेबिनार को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश ने पिछले दस वर्षों में सुधार, वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और समेकित विकास के प्रति अपनी सतत वचनबद्धता का प्रदर्शन किया है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि निरंतरता और सुधारों के आश्वासन ने उद्योग में एक नए विश्वास को जगाया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्वभर के देश भारत के साथ अपनी आर्थिक साझेदारी सशक्त करना चाहते हैं। अर्थव्यवस्था में एमएसएमई के महत्व का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एमएसएमई देश के आर्थिक विकास में एक परिवर्तनकारी भूमिका निभाते हैं।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला में लाहौल–स्पीति के प्रसिद्ध हिन्दी कवि अजेय द्वारा लिखित 'रोहतांग आर–पार' पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर लेखक के प्रयासों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पुस्तक हिमालय में बसने वाले लोगों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की जानकारी उपलब्ध करवाने वाला दस्तावेज साबित होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लोक प्रतिभाओं के संवर्द्धन के लिए प्रतिबद्ध हैं और कार्यों को प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। पुस्तक के बारे में जानकारी देते हुए अजेय ने बताया कि इस पुस्तक से पाठकों को हिमालय की जैव विविधता, रहन–सहन और सांस्कृतिक विरासत की जानकारी प्राप्त होगी।

बोर्ड परीक्षाएं

प्रदेश में आज से स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमेन मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि इस बार बोर्ड की परीक्षाओं में एक लाख 95 हजार के करीब विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

बोर्ड ने इन परीक्षाओं के लिए प्रदेशभर में 2 हजार 3 सौ परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं जो सी.सी.टी.वी कैमरों की निगरानी में रहेंगे। उन्होंने कहा कि मौसम की बेरूखी के चलते चंबा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी और लाहौल स्पीति में 8 मार्च तक होने वाली तीन परीक्षाओं को फिलहाल स्थगित कर दिया है।

प्रदर्शन

केंद्र सरकार द्वारा अधिवक्ता एक्ट में किए जा रहे संशोधन को लेकर प्रदेश के विभिन्न जिला न्यायालयों में अधिवक्ताओं ने आज धरना प्रदर्शन किया। सोलन जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए इस एक्ट में हो रहे संशोधन को वकीलों के खिलाफ बताया। अधिवक्ताओं ने कहा कि इस बिल के आने से उनकी एकता, अखंडता व सुरक्षा को आघात होगा। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आलोक भारद्वाज ने बताया कि उन्होंने सरकार से अधिवक्ता प्रोटेक्शन की मांग की थी लेकिन ये संशोधन बिल उनके उपर थोपा गया है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस बिल को वापिस लेने की मांग की है।